समाचार

वार्डो में विद्युतीकरण कार्य व बिजली समस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करें–महापौर

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में ली विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों की बैठक, विद्युतीकरण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की)

कोरबा 13 अगस्त 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देश दिए कि निगम के वार्ड व बस्तियों में पार्षदों व वहां के निवासियों की मांग के अनुसार विद्युतीकरण कार्यो को उच्च प्राथमिकता के साथ संपादित कराएं तथा बिजली से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करें। महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का संकल्प है कि कोरबा नगर निगम क्षेत्र में विद्युत संबंधी कोई समस्या नहीं रहेगी, अतः विद्युतीकरण संबंधी कार्यो को गंभीरता के साथ संपादित कराएं।

आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा की विशेष उपस्थिति में विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों व निगम के विद्युत विभाग से जुड़े अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर निगम क्षेत्र में प्रस्तावित व प्रगतिरत बिजली संबंधित कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में विद्युतीकरण संबंधी 101 कार्यो की सूची विद्युत विभाग को निगम द्वारा दी गई थी, जिसमें 43 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 58 कार्य शेष हैं। इसी प्रकार 46 नए कार्यो की सूची पुनः उपलब्ध कराई गई है, इस प्रकार कुल 104 विद्युतीकरण कार्यो पर कार्य किया जाना हैं। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सभी कार्य वार्ड पार्षदों एवं वहां के निवासियों की मांग व वार्ड बस्तियों की आवश्यकता के अनुसार प्रस्तावित कराए गए हैं, अतः विद्युत विभाग व नगर निगम के अधिकारी संयुक्त रूप से विद्युत खंभों की आवश्यकता व अन्य जरूरतों का सर्वे कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें तथा कार्यप्रक्रिया को गति दें। उन्होने कहा कि इन कार्यो से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर शासन के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि कार्यो की स्वीकृति प्राप्त कर त्वरित रूप से कार्य प्रारंभ कराए जा सके। उन्होने कहा कि नगर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त रहें, विद्युत आपूर्ति में अनावश्यक अवरोध उपस्थित न हों, यह सुनिश्चित करें। महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए आगे कहा कि

विभिन्न वार्डो में विद्युत खंभों का विस्तार, नए ट्रांसफार्मर की स्थापना, विद्युत तारों को बदलने संबंधी कार्य, लाईनों को बदलने व अपडेट करने संबंधी कार्य, स्ट्रीट लाईट संबंधी कार्य आदि विभिन्न विद्युतीकरण कार्यो के प्रस्ताव निगम द्वारा दिए गए हैं, इन पर त्वरित कार्यवाही की जाए तथा कार्यप्रक्रिया पूरी कर कार्य प्रारंभ किए जाएं ताकि जल्द से जल्द लोगों को निर्वाध रूप से बिजली की सुविधा प्राप्त हों।

शहर में ट्रेफिक को ध्यान में रखकर विद्युत खंभें लगाएं –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने कहा कि कई स्थलों पर यह देखने में आया है कि सड़क के बार्डर पर ही विद्युत खंभें स्थापित कर दिए गए हैं, इन विद्युत खंभों से टकराकर वाहन चालकों के साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, अतः शहर में ट्रेफिक को ध्यान में रखते हुए सड़क से एक निश्चित दूरी पर विद्युत खंभे स्थापित करें।

विद्युत समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर लगाएं– महापौर श्री प्रसाद एवं आयुक्त श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिजली बिल व विद्युत से संबंधित अन्य समस्याओं को लेकर काफी संख्या में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, अतः इनके निराकरण हेतु वार्डवार कार्ययोजना तैयार कर वार्डो में शिविर लगाएं तथा बिजली बिल व विद्युत से संबंधित अन्य समस्याओं का मौके पर निराकरण कराएं।

टोल फ्री नम्बर पर दर्ज करा सकते हैं शिकायत– मीटिंग के दौरान विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्तागण बिजली बिल या अन्य विद्युत संबंधित समस्याओं को निर्धारित टोल फ्री नम्बर 1912 पर कॉल कर अथवा मोर बिजली एप के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं, इन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का विभाग द्वारा समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

स्थाई कनेक्शन व मीटर–बैठक के दौरान निगम के मेयर इन काउंसिल के विद्युत विभाग के प्रभारी श्री अमरजीत सिंह ने बताया कि बलगी से एन.टी.पी.सी. गेट के बीच 42 मकान बने हुए हैं, जहां पर बांस लगाकर विद्युत कनेक्शन जोड़ा गया है, अतः वहां पर विद्युत खंभों का विस्तार कर स्थाई कनेक्शन देने की कार्यवाही की जाए तथा बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन में घर–घर सर्वे कर मीटर लगाएं जाएं, जिस पर महापौर श्री प्रसाद ने कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य अमरजीत सिंह के साथ ही विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण अभियंता अश्वनी गोपेवार, कार्यपालन अभियंता नवीन कुमार राठी, निगम के कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, सहायक अभियंता राकेश मसीह, विपिन मिश्रा आदि उपस्थित थे।